बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-443
04/12/2019

मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री अजीत कुमार सिंह उर्फ मोहन बाबू के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की,

❖ राजकीय सम्मान के साथ होगा उनका अंतिम संस्कार

पटना, 04 दिसम्बर 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पूर्व राज्य मंत्री अजीत कुमार सिंह उर्फ मोहन बाबू के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 अजीत कुमार सिंह अपने क्षेत्र में काफी लोकप्रिय थे और समाजसेवा में उनकी गहरी अभिरूचि थी। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

स्व0 अजीत कुमार सिंह उर्फ मोहन बाबू का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ होगा।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******